Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में नगर निगम हैरिटेज का सफाई कर्मचारी 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *23 जुलाई, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट, जयपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **फौजेन्द्र सिंह गुर्जर सफाई कर्मचारी–मीट चालान, नगर निगम हैरिटेज, जयपुर** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट, जयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके वाहन को ईदगाह के पास खड़ा करने एवं बिना रूकावट के कार्य करने देने की एवज में आरोपी फौजेन्द्र सिंह गुर्जर सफाई कर्मचारी–मीट चालान, नगर निगम हैरिटेज, जयपुर द्वारा **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट, जयपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री रघुवीर शरण, श्री सज्जन कुमार** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी फौजेन्द्र सिंह गुर्जर सफाई कर्मचारी–मीट चालान, नगर निगम हैरिटेज, जयपुर को परिवादी से **10 हजार रुपये की रिश्वत** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी अतिरिक्त महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**